प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा **मध्य प्रदेश के सभी 55 ज़िलों** में [प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-colleges-of-excellence-1) का उद्घाटन किया गया।

मुख्य बिंदु

- **मध्य प्रदेश** नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 **लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है।**
  - ये कॉलेज राज्य सरकार द्वारा **नई शिक्षा नीति 2020** के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिये शुरू किये गए हैं।
  - NEP को केवल **डिग्री प्रदान करने के बजाय युवाओं के समग्र विकास** पर ध्यान केंद्रित करने के लिये पेश किया गया था।
- इसमें **अकादमिक विषयों और जीवन कौशल दोनों को पढ़ाना** शामिल है। छात्रों में पारंपरिक सोच के बजाय कुछ नया सोचने को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर दिया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** का उद्देश्य भारत की उभरती विकास आवश्यकताओं से निपटना है।
  - इसमें **शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव,** इसके **नियमन और प्रबंधन** की मांग की गई है, ताकि एक आधुनिक प्रणाली स्थापित की जा सके, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा मूल्यों का सम्मान करते हुए सतत विकास लक्ष्य 4 (SDG4) सहित 21वीं सदी के शैक्षिक लक्ष्यों के अनुरूप हो।
- यह 34 वर्ष पुरानी **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986,** जिसे वर्ष 1992 में संशोधित किया गया था (NPE 1986/92) का स्थान लेती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-colleges-of-excellence-1